# जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी।

**मासिक आख्या  अक्टूबर, 202**

**संख्या– मैंमो–तेरह–आ.प्र./मासिक आख्या/2022** **दिनांक – 01 नवम्बर, 2022**


**दिनांक 01.10.2022 को प्रातः 06:6 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के बन्दरकोट के पास** मलवा/पत्थर आने के कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मशीनरी की तैनाती करवाते हुये मार्ग को प्रातः 9:24 बजे को सुचारु किया गया।





**दिनांक 02.10.2022 को समय प्रातः 10:43 बजे जनपद उत्तरकाशी के तहसील भटवाडी एवं** डुण्डा आदि क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प झटके महसूस किये गये। तहसील बडकोट/पुरोला एवं मोरी क्षेत्रान्तर्गत भूकम्प के झटके महसूस नहीं किये गाये। जनपद के समस्त तहसीलदार/थाना/पुलिस चौकियों/राजस्व उप निरीक्षक से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। समस्त थाना/तहसीलान्तर्गत भूकम्प से किसी प्रकार के क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। । इसके अतिरिक्त ग्राम नाल्ड/भटवाडी/उत्तरों/गणेशपुर आदि गॉव के ग्राम प्रधानों से दूरभाष से सम्पर्क किया गया। ग्राम प्रधानों द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया कि उक्त ग्रामों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति नहीं हुयी है। तहसील भटवाडी में अवस्थित मनेरी/जोशियाडा बॉध से भूकम्प से क्षति की सूचना प्राप्त की गयी। उक्त बॉधों में भूकम्प से किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नही हुयी। इस प्रकार जनपद में भूकंप से किसी प्रकार की क्षति नही होने के सम्बन्ध मे आख्या शासन को प्रेषित की गयी।

**<u>भारतीय मौसम विभाग (IMD) नई दिल्ली से प्राप्त सूचना के अनुसार भूकम्प का विवरण :–</u>**





- भूकम्प का परिमाण – 2.5 (रिक्टर पैमाने पर)
- अक्षांश / Latitude – 30.81° N
- देशान्तर / Longitude – 78.50° E
- समय– 10:43:11 AM बजे।
- भूकम्प की गहराई पृथ्वी की सतह से 05 कि0मी0 नीचे थी।
- भूकम्प का केन्द्र – तहसील भटवाडी अन्तर्गत ग्राम नाल्ड के जंगल में ।

**दिनांक 04.10.2022 को नहेरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के रजिस्ट्रार श्री विशाल रंजन द्वारा जनपद आपदा** प्रबन्धन प्राधिकरण, उत्तरकाशी में लगभग प्रातः 9:00 बजे उपस्थित होकर सूचना दी गयी कि नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के दिनांक 14.09.2022 से दिनांक 11.10.2022 तक संचालित एडवांस कोर्स संख्या–172 का दल प्रशिक्षण कैलेण्डर के अनुसार दिनांक 02 से 04 अक्टूबर, 2022 तक माउन्टेन प्रशिक्षण के दौरान दिनांक 04. 10.2022 को द्रोपदी के डाण्डा–02 पर्वत (ऊँचाई–5670 मीटर) के समिट / आरोहण के दौरान लगभग 17000 फीट की ऊँचाई के आस–पास हिमस्खलन होने के कारण दल के गिलेशियर में 29 प्रशिक्षक / प्रशिक्षणार्थी लापता हैं।

घटना स्थल का विवरण– स्थान डोकरानी बामक ग्लेशियर– 17000 फीट।
पैदल दूरी– 30 कि0मी0 हाई अल्टीटयूट पैदल मार्ग
**हैलीकॉप्टर हेतु चिन्हत स्थान**
अक्षांस– 30° 51' 44'' N
देशान्तर– 78° 47' 0'' E ( मेप सीट न0 53j/9)समुद्र तल से ऊँचाई– 13000 फीट











**अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल जनपद आपदा** प्रबन्धन प्राधिकरण की बैठक आहूत कर तत्काल रेस्क्यू कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक, उत्तरकाशी, रजिस्ट्रार नेहरू पर्वतारोहण संस्थान/आपदा प्रबन्धन अधिकारी, प्रशिक्षक आदि अधिकारी जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण मौजूद रहते हुये तत्काल शासन/राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र को सूचित किया गया। फंसे/लापता लोगों के खोज–बचाव हेतु Station Commander, Indian Air Force, Sarsawa, UP/ Joint Secretary (Air) Ministry of Defence, Government of India/ Joint Secretary (Disaster Management), Ministry of Home, Government of India, सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड नागरिक उड्डयन एवं विकास प्राधिकरण, उत्तराखण्ड को उक्त रेस्क्यू हेतु हैलीकाप्टर उपलब्ध हेतु समन्वय किया गया । इसके अतिरिक्त कमाण्डर, 12 वीं वाहिनी आई0टी0बी0पी0, मातली एवं कमान अधिकारी, 11 JAK LI, सेना हर्षिल, उत्तरकाशी से आवश्यक सहयोग हेतु समन्वय किया गया ।

जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र सक्रीय रहते हुये घटना में तैनात समस्त सम्बन्धितों से समन्वय हेतु सूचनाओं को आदान–प्रदान कर आवश्यक व्यस्था की गयी। तैनात समस्त अधिकारी रेस्कयू कार्य पूर्ण होने तक मातली एवं तैनाती स्थान पर उपस्थित रहें।

# दिनांक 04.10.2022 को किये गये खोज–बचाव कार्य–

**एयरफोर्स बैस कैम्प सरसावा, उत्तरप्रदेश से 02 चीता हैलीकाप्टर एवं एयरफोर्स स्टेशन, बरेली से** ALH हैलीकॉप्टर जनपद में तैनात किये गये। चीता हैलीकाप्टर द्वारा दुर्घटना घटित क्षेत्र का रैकी/सर्वेक्षण कर हर्षिल आर्मी हैलीपैड पर रूके तथा ALH द्वारा हैलीकॉप्टर आई0टी0बी0पी0 हैलीपैड, मातली में रूका/जहॉ से हैली रेस्क्यू संचालित किया। इसके अतिरिक्त भटवाडी रा0इ0का0 के मैदान को भी हैलीकॉप्टर के रेस्क्यू कार्य हेतु तैयार स्थिति में रखा गया। हर्षिल आर्मी हैलीपैड में हैलीकॉप्टर के ATF एवं आवश्यक सहयोग लिया गया । जौलग्राण्ट देहरादून से एन0डी0आर0एफ0 टीम घटना स्थल हेतु रवाना हुयी।





**आई0टी0बी0पी0 मातली में उप जिलाधिकारी, भटवाडी एवं आवश्यक सहयोग हेतु** एन0डी0आर0एफ0/ एस0डी0आर0एफ0/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की त्वरित कार्यवाही दल आदि /आई0टी0बी0पी0 आदि दलों की आवश्यक खोज–बचाव सामग्री के साथ तैनात किया गया।





इसके अतिरिक्त उक्त स्थान पर संचार सुविधा हेतु नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी के 02 सैटेलाईट फोन उपलब्ध थे तथा निम के प्रशिक्षकों एवं अन्य सहयोगियों के द्वारा खोज–बचाव किया गया। जिनके द्वारा 08 लोगों का खोज–बचाव किया गया । (04 मृतकों के शव एडवांस बैस कैम्प में है।

**परिजनों की सुविधा एवं आवश्यक रेस्क्यू कार्य हेतु हेल्प लाईन नम्बर जारी किया गय। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान में आपदा प्रबन्धन से सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु कार्मिकों की तैनाती की गयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र केन्द्र 24X7 घण्टे कार्यशील रहते हुये आवश्यक समन्वय/व्यवस्था करवायी गयी तथा परिजनों को सम्बन्धित सूचना प्रदान की गयी।**

## हेल्पलाईन हेतु NIM निम्न दूरभाष प्रचारित किये गये–

**7060717717, 9997254854**

**इसके अतिरिक्त सम्बन्धित जानकारी हेतु निम्न अधिकारी तैनात रहें।**

1.– श्री विशाल रंजन, रजिस्ट्रार, NIM उत्तरकाशी–9568919195/9412420840

2.– श्री देवेन्द्र सिंह पटवाल, आपदा प्रबन्धन अधिकारी, उत्तरकाशी–9456147974






## तैनात खोज–बचा दलों का विवरण–

| NIM | एस0डी0आर0एफ0 | सेना | आई0टी0बी0 पी0 | HAWS (High Altitude Warfare School) Gulmarg | राहत सामग्री। |
|---|---|---|---|---|---|
| **42** | **08** | 08+ 26 | 12 | 14 | आवश्यक सामग्री भेजी गयी। |

## दिनांक 05.10.2022 को किये गये खोज–बचाव कार्य–

(i) सेना हर्षिल के 60 लोग अतिरिक्त सहायता हेतु संगलाई में कैम्प बना कर भेजा गया।

(ii) आर्मी के हैली द्वारा 03 राउन्ड में हर्षिल से आई0टी0बी0पी0–12 तथा सेना के 02 कुल 14 जवान एवं अन्य राहत सामग्री घटना क्षेत्र में पहुॅचाई गयी तथा दो राउन्ड में 14 लोगों को डोकरानी बेस कैम्प से मातली पहुॅचाया गया। प्राईवेट हैली से 01 प्रशिक्षक को मातली लाया गया है। इस प्रकार कुल निम्न 15 लोगों को बैस कैम्प से मातली लाया गया।






**हैली कॉप्टर के माध्यम से डोकरानी बामक बैस कैम्प से मातली लाये गये लोगों का विवरण–**

| क्र.सं. | घायल का नाम | पिता का नाम | पता | लिंग | विवरण | हैली का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुनील लालवान | श्री बालचन्द लालवानी | पी0के0 नम्बर 827 कमरा नम्बर 10 उल्हास नगर, मुम्बई। | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 2 | श्री दीप ठक्करे | श्री कन्हैहालाल ठक्कर | तन्मय अर्याटमेन्ट, जज रोड, वोदेकेव, अहमदाबाद गुजरात। | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 3 | श्री अंकुर | श्री निलेश शर्मा | दिल्ली | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 4 | श्री मनीष अग्रवाल | श्री अशोक अग्रवाल | दिल्ली | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 5 | श्री सूरज सिंह | श्री जयपाल सिंह | ग्राम कंकराडी, पो.ओ. मुस्टिकसौड़, उत्तरकाशी। | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 6 | श्री रोहित भट्ट | श्री जगदम्बा प्रसाद भट्ट | ग्राम पौखाल मंगरौं, तहसील धनसाली, जिला टिहर गढवाल। | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 7 | श्री आकाश | श्री मुन्ना लाल | मुम्बई | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 8 | श्री कंचन सिंह | श्री महरबान सिंह | चमोली | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 9 | श्री अंकित | श्री मेहरबान सिंह | देहरादून | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 10 | श्री प्रदीप कुमार | श्री तरूण कुमार | केरला | पुरूष | प्रशिक्षणार्थी | सेना का हैली |
| 11 | श्री राकेश राणा | श्री उत्तम सिंह | उत्तरकाशी | पुरूष | प्रशिक्षक एडवांस कोर्ड | सेना का हैली |
| 12 | श्री दिगम्बर | श्री राजमोहन सिंह | उत्तरकाशी (प्रशिक्षक) | पुरूष | प्रशिक्षक एडवांस कोर्स | प्राईवेट हैली |
| 13 | श्री अनिल कुमार, नायक सूवेदार | श्री विधादत्त | एन.आई.एम0, उत्तरकाशी (प्रशिक्षक) | सेना का हैली | प्रशिक्षक एडवांस कोर्स | सेना का हैली |
| 14 | कु0 रेखा | श्री के0एस0 अग्नीहोत्री | उत्तरकाशी (प्रशिक्षक) | महिला | प्रशिक्षक बेसिक कोर्स | सेना का हैली |
| 15 | कु0 कविता | श्री उत्तम सिंह | उत्तरकाशी (प्रशिक्षक) | महिला | प्रशिक्षक बेसिक कोर्स | सेना का हैली |

**उपरोक्त 15 लोगों में से 05 घायलों का जिला चिकित्सालय, उत्तरकाशी में उपचार हेतु भर्ती है तथा 10 लोग** NIM**/अपने घर गये चले गये है। दिनांक 5.10.2022 को पैदल ट्रैक करते हुये भुक्की तक एडवांस कोर्स के शेष सुरक्षित प्रशिक्षणार्थी एवं बेसिक कोर्स के सभी अन्य प्रशिक्षणार्थी/प्रशिक्षक भुक्की पैदल मार्ग से रोड हेड तथा** NIM **पहुॅचे।**

**मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा मातली में दुर्घटना/रेस्क्यू कार्य सम्बन्धी कार्यों का निरीक्षण कर** सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक आहूत कर निर्देश दिये एवं दुर्घटना घटित क्षेत्र का भ्रमण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय/पुलिस अधीक्षक/उप जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी/आपदा प्रबन्धन अधिकारी आदि जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।





प्रशिक्षणार्थी/प्रशिक्षक के उपचार/अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु निम्न प्रकार से नोडल अधिकारियों की तैनाती की की गयी–

| क्र. सं. | नोडल अधिकारी | अन्य सहायक कार्मिक की तैनाती | दायित्व/निर्देश |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तरकाशी। | विभागीय अधिकारी/कार्मिक। | आई0टी0बी0पी0 मातली में चिकित्सक/एम्बुलेंस आदि की तैनाती की जायेगी। जिला चिकित्सालय में घायलों के उपचार हेतु व्यवस्था करें।<br><br>आई0टी0बी0पी0 मातली से समन्वय कर मृतकों का आई0टी0बी0पी0 मातली चिकित्सालय में पोस्टमार्टम हेतु टीम गठित कर तैनात करते हुये पोस्टमार्टम करवाना सुनिश्चित करेंगे। |
| 2 | उप जिलाधिकारी, भटवाडी | विभागीय अधिकारी/कार्मिक। | आई0टी0बी0पी0 मातली में तैनात रहते हुये समस्त आवश्यक व्यवस्था/समन्वय करेंगे। मृतकों हेतु कॉफिन आदि की व्यवस्था कर शवों को परिजनों को सुपुर्द आदि की |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे |
| 3 | जिला पूर्ति अधिकारी, उत्तरकाशी। | विभागीय अधिकारी / कार्मिक। | उप जिलाधिकारी, भटवाडी / NIM आदि से समन्वय कर मातली में वाहन आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे। |
| 4 | प्रतिसार निरीक्षक, पुलिस लाईन, उत्तरकाशी। | विभागीय अधिकारी / कार्मिक। | घटना में मृतकों के पंचनामा आदि कार्यवाही हेतु आई0टी0बी0पी0 मातली में पुलिस टीम की तैनात कर पंचनामा आदि कार्यवाही करवाना सुनिश्चित किया जाय। इसके अतिरिक्त पोस्टमार्टम स्थान / मातली में पुलिस टीम की तैनाती की जायेगी। शव वाहन मातली में तैनात करेंगे। |
| 5 | पुलिस रेडियो संचार अधिकारी,उत्तरकाशी। | विभागीय अधिकारी / कार्मिक। | आर्मी हैलीपैड हर्षिल / आई0टी0बी0पी0 हैलीपैड मातली आदि स्थानों पर पुलिस वायरलेस संचार स्थापित करना सुनिश्चित करें। |
| 6 | 1. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, उत्तरकाशी<br>2. खण्ड विकास अधिकारी, भटवाडी। | विभागीय अधिकारी / कार्मिक। | आई0टी0बी0पी0 परिसर मातली में तैनात रहते हुये घटना में मृतक व्यक्तियों के मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें। |

## दिनांक 06.10.2022 को किये गये खोज–बचाव कार्य–

एडवांस बैस कैम्प में तैनात खोज–बचाव टभ्म आई0टी0बी0पी0 / 11 JAK LI सेना, हर्षिल / HAWS एस0डी0आर0एफ0 एवं NIM/ के अन्य प्रशिक्षको / सदस्यों के सहयोग से खोज–बचाव कार्य एवं दुर्घटना स्थल पर प्राप्त 09 शर्व को कैम्प वन पहुँचाये गये। हर्षिल से चीता हैलीकॉप्टर के माध्यम से खोज–बचाव दलों हेतु आवश्यक सामग्री भेजी गयी तथा ALH राहत–बचाव दल एवं आवश्यक सामग्री को घटना स्थल पर पहुँचाया। प्राईवेट हैली से जिला चिकित्सालय में भर्ती 01 घायल को पुरी खेत उत्तरकाशी से जौलीग्राण्ट देहरादून हार्यर सेन्टर छोडने का कार्य किया गया।





## दिनांक 07.10.2022 को किये गये खोज–बचाव कार्य–

प्रातः एडवांस बेस कैम्प, डोकरानी से 02 चीता हैलीकॉप्टर के माध्यम से 04 शव हर्षिल हैलीपैड पर उतारा गया। जिन्हें सेना व अन्य एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय लाया गया। जिला चिकित्सालय में शवों का परिजनों द्वारा पहचान किये जाने के पश्चात उनका पोस्टमार्टम/पंचनामा कर सम्बन्धित दस्तावेज तैयार करते हुये परिजनों को सुपुर्द किया गया। प्रशासन द्वारा उक्त के शवों के घर तक पहुॅचाने हेतु वाहन आदि की व्यवस्था की गयी। एडवास बेस कैम्प में तैनात खोज–बचाव दलों द्वारा खोज–बचाव का कार्य एवं शवों को दुर्घटना स्थल से एडवांस बेस कैम्प–1 में लाये जान की कार्यवाही की गयी।










| दिनांक 08.10.2022 को हैली के माध्यम से मातली हैलीपेड लाये प्रशिक्षणार्थियों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **मृतक का नाम** | **पिता का नाम** | **पता** | **लिंग** | **विवरण** |
| **1** | कुमारी सविता कंसवाल | श्री राधेश्याम कंसवाल | ग्राम लुंथरु, तहसील भटवाड़ी, उत्तरकाशी। | महिला | परिजनों को सुपूर्द |
| **2** | श्री अजय बिष्ट, | श्री डी0एस0बिष्ट, | गोपाल धारा, धारा नौला, जनपद अल्मोड़ा। | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| **3** | श्री शिवम कैन्थुला | श्री सन्तोष कैंथोला, | निवासी नारकंडा, कुमारसैन, हिमाचल प्रदेश । | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| **4** | कुमारी नौमी रावत | श्री अवतार सिंह, ग्राम भुक्की उत्तरकाशी। | ग्राम भुक्की उत्तरकाशी। | महिला | परिजनों को सुपूर्द |

**दुर्घटना स्थल डोकारानी बामक ग्लेशियर में फंसे/लापता पर्वतारोही प्रशिक्षणार्थी/प्रशिक्षक का भारतीय वायु सेना** के 03 हैलीकॉप्टर एवं आई0टी0बी0पी0/11 JAK LI सेना, हर्षिल/HAWS एस0डी0आर0एफ0/एन0डी0आर0एफ0 एवं NIM/ के अन्य प्रशिक्षको/सदस्यों के सहयोग से खोज–बचाव कार्य किया गया। निकाले गये शवों को एडवांस कैम्प वन में पहुँचाये गये। प्रधानाचार्य, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी रेस्क्यू कार्य हेतु डोकरानी बामक बैस कैम्प में मौजूद है।





## दिनांक 08.10.2022 को किये गये खोज–बचाव कार्य–

दुर्घटना स्थल डोकारानी बामक ग्लेशियर में फंसे/लापता पर्वतारोही प्रशिक्षणार्थी/प्रशिक्षक का भारतीय वायु सेना के 03 हैलीकॉप्टर एवं आई0टी0बी0पी0/11 JAK LI सेना, हर्षिल/HAWS एस0डी0आर0एफ0/एन0डी0आर0एफ0 एवं NIM/ के अन्य प्रशिक्षको/सदस्यों के सहयोग से खोज–बचाव कार्य किया गया। निकाले गये शवों को एडवांस कैम्प वन में पहुँचाये गये। प्रधानाचार्य, नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी रेस्क्यू कार्य हेतु डोकरानी बामक बैस कैम्प में मौजूद है।





एयर फोर्स के 02 चीता हैलीकॉप्टर के माध्यम से 07 शव को कैम्प–01 से डोकरानी बामक बैस कैम्प लाया गया तथा डोकरानी बामक से ALH हैलीकॉप्टर से 07 शव को मातली लाया गया है। सभी 07 प्रशिक्षणार्थियों के शवों को पोस्टमार्टम/पंचनामा आदि कार्यवाही पूर्ण किया गया है। जिसमे 04 शवों को सम्बन्धित के परिजनों को सुर्पुद किया गया है, जो शवों को अपने पैतृक गांव/क्षेत्र ले गये है तथा 03 प्रशिक्षणार्थियों (असम, मेधालय एवं प्रयागराज, उत्तरप्रदेश) के शवों को पुलिस के साथ हिमालयन हॉस्पिटल, जौलीग्राण्ट, देहरादून संलेपन (Embalming) हेतु भेजा गयौ। जिला प्रशासन देहरादून के सहयोग से वहॉ से उनके गन्तव्य हेतु भेजा गया। लाये गये गये शवों का विवरण निम्नप्रकार है–

| दिनांक 08.10.2022 को हैली के माध्यम से मातली हैलीपेड लाये प्रशिक्षणार्थियों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | मृतक का नाम | पिता का नाम | पता | लिंग | विवरण |
| 1 | श्री शुभम सांगरी | श्री दीवान सिंह | नियर लाल कोठी ताला, | पुरूष | परिजनों को |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सांगरी | कृष्णपुर नैनीताल | | सुपूर्द |
| 2 | श्री टिकलू जेरवा | श्री वेलमबुक | उप्पेर लुम्परिंग, बुद्धिस्ट टेम्पल, शिलांग, मैघालय | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |
| 3 | कु0 दीपशिखा हजारिका | श्री गोलाप हजारिका | रूपनगर, गोहाटी, असम | महिला | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |
| 4 | श्री सिद्धार्थ खण्डूरी | श्री हर्शवर्द्धन | 7/40 नेसवला रोड़ देहरादून | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 5 | श्री राहुल पंवार | श्री शूरवीर सिह पवांर | नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी। | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 6 | श्री नितीश दिया | श्री राजबीर सिंह | VPO माटिन्डू, सोनीपत हरियाण | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 7 | Suo. रवि कुमार निर्मल | श्री धीरेन्द्र निरमल | कमांडिग ऑफिस, प्रयागराज उत्तर प्रदेश | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |

## दिनांक 09.10.2022 को किये गये खोज–बचाव कार्य–

प्रातः एयर फोर्स के 02 चीता हैलीकॉप्टर के माध्यम से 10 शव को डोकरानी बामक बैस कैम्प लाया गया तथा डोकरानी बामक से ALH हैलीकॉप्टर से 10 शव को मातली लाया गया है। सभी 10 प्रशिक्षणार्थियों के शवों को पोस्टमार्टम/पंचनामा आदि कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांन्त 06 शव परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा 04 शवों को हिमालयन हॉस्पिटल, जौलीग्राण्ट, देहरादून संलेपन (Embalming) हेतु भेजा गया है। जिला प्रशासन देहरादून के सहयोग से उनके गन्तव्य हेतु भेजा गये। दुर्घटना स्थल डोकारानी बामक ग्लेशियर में फंसे/लापता पर्वतारोही प्रशिक्षणार्थी/प्रशिक्षक का भारतीय वायु सेना के 03 हैलीकॉप्टर एवं आई0टी0बी0पी0/11 JAK LI सेना, हर्षिल/HAWS एस0डी0आर0एफ0/एन0डी0आर0एफ0 एवं NIM/ के अन्य प्रशिक्षको/सदस्यों के सहयोग से खोज–बचाव कार्य किया गया। निकाले गये शवों को एडवांस कैम्प वन में पहुँचाये गये।





| दिनांक 09.10.2022 को हैली के माध्यम से मातली हैलीपेड लाये प्रशिक्षणार्थियों के शवों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | मृतक का नाम | पिता का नाम | पता | लिंग | विवरण |
| 1 | श्री नरेन्द्र सिंह | श्री अकवीर सिंह | मल्ला, पौडी गढवाल | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 2 | श्री रक्षित के0 | श्री कुमार जे0एच0 | बैंगलोर, कर्नाटक | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |
| 3 | श्री सतीश रावत | श्री सूरवीर सिंह रावत | चम्बा, टिहरी गढवाल | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 4 | श्री अमित कुमार शॉ | श्री अर्जुन शॉ | कोलकाता, पश्चिम बंगाल | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |
| 5 | श्री अतानु धर | श्री शशांक धर | छतरपुर, नई दिल्ली | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 6 | श्री गोहिल अर्जुन सिंह बी0 | श्री गोहिल भूपेन्द्र सिंह | माउन्ट आबू, गुजरात | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |
| 7 | श्री अंशुल केन्थला | श्री इन्दर केन्थला | शिमला, हिमाचल प्रदेश | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 8 | श्री विक्रम एम0 | श्री मेलेश एम0 | बेंगलौर, कर्नाटक | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |
| 9 | LNK शुभम सिंह | श्री देवी प्रसाद सिंह | 6 पैरा/मौहार, फतेहपुर, उत्तरप्रदेश | पुरूष | परिजनों/सेना को सुपूर्द |
| 10 | श्री कपिल पंवार | श्री जगमोहन सिंह | ग्राम हटनाली, चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी। | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |






## दिनांक 10.10.2022 को किये गये खोज–बचाव कार्य–

डोकरानी बामक से ALH हैलीकॉप्टर से 05 शव को मातली लाया गया है। सभी प्रशिक्षणार्थियों के शवों को पोस्टमार्टम/पंचनामा आदि कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांन्त 03 शव परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा 02 शवों को हिमालयन हॉस्पिटल, जौलीग्राण्ट, देहरादून संलेपन (Embalming) हेतु भेजा गया है। जिन्हें वहॉ से उनके गन्तव्य हेतु भेजा जायेगे। सेना की 11 JAK LI यूनिट हर्षिल द्वारा वायुसेना के हैलीकाप्टर से टीम भेजकर बेस कैम्प में संचार सेंवा स्थापित की गयी है, जिसके माध्यम से सूचनाओं का आदान–प्रदान सम्भव हुआ है।

सेना के विशेष पर्वतारोही LT' Col जयप्रकाश एवं अन्य सहयोगी जवान, व मेडिकल आफिसर बैस कैम्प में तैनात रहें। मातली ITBP में सेना के प्रशिक्षु पर्वतारोहियो को जिलाधिकारी/सैन्य अधिकारियों द्वारा पार्थिव शरीर को सैन्य सम्मान से सम्मानित किया गया।



| दिनांक 10.10.2022 को हैली के माध्यम से मातली हैलीपेड लाये प्रशिक्षणार्थियों के शवों का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | मृतक का नाम | पिता का नाम | पता | लिंग | विवरण |
| 1 | श्री संदीप सरकार | श्री शिवदास सरकार | कोलकाता, पश्चिम बंगाल | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |
| 2 | श्री संतोष कुकरेती | श्री अशोक कुकरेती | हरिद्वार, उत्तरखण्ड | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 3 | श्री रजत सिघल | श्री अशोक सिंघल | गुडगांव, हरियाणा | पुरूष | परिजनों को सुपूर्द |
| 4 | SGT अमित कुमार | श्री रामकुमार सिंह | उत्तरप्रदेश | पुरूष | आर्मी/परिजनों को सुपुर्द |
| 5 | श्री वमशीधर रेड्डी | श्री के0 श्रीनिवास रेड्डी | हैदराबाद, तेलंगना | पुरूष | जौलीग्राण्ट भेजा गया। |

**घटना में प्रशिक्षणार्थियों/प्रशिक्षकों का विवरण–**

| विवरण | प्रशिक्षणार्थियों का विवरण | प्रशिक्षकों का विवरण | मेडिकल सहायक | योग |
|---|---|---|---|---|
| हैली के माध्यम से सुरक्षित निकाले गये | 10 | 03 | – | **13** |
| ट्रैक कर सुरक्षित निकाले गये। | 16 | – | 01 | **17** |
| मृतक/बरामद शव | 25 | 02 | – | **27** |
| लापता | 02 | – | – | **02** |
| योग | **53** | **07** | **01** | **61** |

**लापता 02 प्रशिक्षणार्थियों का विवरण–**

| क्र.सं. | मृतक का नाम | पिता का नाम | पता | लिंग | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ले0कर्नल दीपक वशिष्ठ | श्री जयपाल | नोयडा, उ0प्र0 | पुरूष | डोकरानी बामक ग्लेशियर में एवलांच में दबो होने के सम्बन्ध में खोज–बीन जारी। |
| 2 | श्री विनय पंवार | श्री राजेन्द्र सिंह पंवार | रायवाला देहरादून। | पुरूष | |

दुर्घटना स्थल डोकारानी बामक ग्लेशियर में फंसे/लापता पर्वतारोही प्रशिक्षणार्थी/प्रशिक्षक का भारतीय वायु सेना के 03 हैलीकॉप्टर एवं आई0टी0बी0पी0/11 JAK LI सेना, हर्षिल/HAWS एस0डी0आर0एफ0/एन0डी0आर0एफ0 एवं NIM/ के अन्य प्रशिक्षको/सदस्यों के सहयोग से खोज–बचाव कार्य किया गया। दिनांक 14.10.2022 को एक शव मातली लाया गया। पोस्टमार्टम/पंचानाम आदि कार्य कर शव को संलेपन हेतु हिमालयन चिकित्सालय, जौलीग्राण्ट भेजा गया।

1. श्री सौरव विश्वास पुत्र श्री निमाई विश्वास, निवासी कचरापाडा, पश्चिम बंगाल।

**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा मृतकों हेतु ताबूत/संलेपन आदि समस्त कार्यवाही हेतु समन्वय किया गया।**






**घटना में मृतक/लापता प्रशिक्षणार्थियों/प्रशिक्षकों के प्रदेश का विवरण–**

| क्र.सं | प्रदेश का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | उत्तराखण्ड | 09 प्रशिक्षु/02 प्रशिक्षक |
| 2 | दिल्ली | 01 प्रशिक्षु |
| 3 | तेलांगना | 01 प्रशिक्षु |
| 4 | हरियाणा | 02 प्रशिक्षु |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | 03 प्रशिक्षु |
| 6 | गुजरात | 01 प्रशिक्षु |
| 7 | असम | 01 प्रशिक्षु |
| 8 | उत्तरप्रदेश | 03 प्रशिक्षु |
| 9 | पश्चित बंगाल | 03 प्रशिक्षु |
| 10 | मेधालय | 01 प्रशिक्षु |
| 11 | कर्नाटक | 02 प्रशिक्षु |

दिनांक 15.10.2022 को जनपद में वायु सेना के तैनात 03 हैलीकॉप्टर को वायु सेना मुख्यालय हेतु वापस भेजे गये । नेहरू पर्वतारोहण स्थान द्वारा अवगत कराया गया है कि दुर्घटना स्थल पर तैनात नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के 07 प्रशिक्षकों/20 पोटर्स, HAWA के 14 जवान तथा सेना के 09 जावनों द्वारा लपता 02 लोगों की खोज–बीन की जा रही है।

## मुश्किलः द्रौपदी का डांडा में बर्फबारी के कारण हवाई रेस्क्यू रोका गया

# पर्वतारोहियों के 15 शव बरामद

**19** शवों में से दो की ही हुई शिनाख्त

**10** पर्वतारोही तीन दिन बाद भी फंसे

उत्तरकाशी, संवाददाता। हिमस्खलन हादसे के तीसरे दिन रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर पहुंचने में कामयाब हो गईं। टीमों ने मौके से 15 पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए। अब तक कुल 19 पर्वतारोहियों के शव निकाल लिए गए हैं। क्षेत्र में बर्फबारी शुरू होने के कारण गुरुवार दोपहर के बाद हवाई रेस्क्यू रोक दिया गया है। लेकिन मौके पर मौजूद टीमें लापता पर्वतारोहियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनेरिंग (निम) के रजिस्ट्रार विशाल रंजन ने बताया कि गुरुवार सुबह वायुसेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और हाईएल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल, गुलमर्ग, कश्मीर की टीमें हिमस्खलन वाले स्थान तक पहुंचने में कामयाब हो गईं। टीमों ने मौके से 15 पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए। जबकि, 10 लापता पर्वतारोहियों की तलाश की जा रही है। अब तक मिले 19 शवों में से दो निम के प्रशिक्षक और 17 प्रशिक्षुओं के हैं। डीएम अभिषेक रुहेला ने इसकी पुष्टि की है। सभी पर्वतारोहियों के शव डोकरानी बामक एडवांस बेस कैंप में लाए गए हैं। हवाई रेस्क्यू शुरू होने पर इन्हें उत्तरकाशी लाया जाएगा।

**दोपहर बाद रोका हवाई रेस्क्यू :** डीएम अभिषेक रुहेला ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद द्रौपदी डांडा क्षेत्र में हल्की बर्फबारी शुरू हो जाने से हेलीकॉप्टरों से किया जा रहा रेस्क्यू रोक दिया गया है। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि शुक्रवार को मौसम ठीक रहने पर ही फिर से हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू की उम्मीद है। हालांकि घटनास्थल पर रेस्क्यू टीमें लापता पर्वतारोहियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

लापता पर्वतारोहियों के परिजन **निम से नाराजः** मातली हैलीपैड पर पहुंचे लापता पर्वतारोहियों के परिजनों ने जिला प्रशासन और निम प्रशासन पर ठीक-ठीक जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया। हरियाणा से पहुंचे हरि प्रकाश का कहना था कि जब मौसम खराब होने की चेतावनी थी तो लोगों को पर्वतारोहण के लिए क्यों भेजा गया।



उत्तरकाशी के द्रौपदी का डांडा क्षेत्र में लापता पर्वतारोहियों की तलाश में हेलीकॉप्टर से पहुंचा बचाव दल । • हिन्दुस्तान

### हवाई रेस्क्यू रोकने से परिजन निराश

दोपहर बाद जैसे ही प्रशासन की ओर से बर्फबारी के कारण हवाई रेस्क्यू रोकने की सूचना दी गई, उत्तराखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश से पहुंचे परिजन निराश हो गए। कुछ परिजन तो फूट-फूट कर रोने लगे। परिजनों को उम्मीद थी कि, हवाई रेस्क्यू शुरू होने के बाद उनके अपने जिस भी हाल में होंगे, मिल जाएंगे।

### 17 शवों की नहीं हो पाई अब तक पहचान

द्रौपदी डांडा में एवलांच हादसे में अब तक 19 शव बरामद हुए हैं। इनमें अब तक सिर्फ दो ही शव की शिनाख्त हो पाई है। बाकी 17 शव की पहचान नहीं हो पाई है। जिन दो शवों की शिनाख्त हुई है उनमें निम की प्रशिक्षक सविता कंसवाल और नवमी रावत शामिल हैं।

### वक्त बीतने के साथ टूटती जा रही उम्मीद

निम के प्राचार्य रहे कर्नल (रिटायर) अजय कोठियाल का कहना है कि हिमस्खलन की चपेट में आए पर्वतारोहियों को सुरक्षित बचाने के प्रयास कठिन होते जा रहे हैं। कोठियाल ने कहा कि अब तक बचाव दल को एक भी घायल नहीं मिला है। इसका मतलब यह है कि या तो वो गंभीर रूप से घायल होकर एक ही स्थान पर बेबस पड़े हैं या फिर क्रेवास में फंसे हुए हैं। ऐसी स्थिति में बर्फबारी उन्हें और ढक सकती है।

**घायल को एम्स में भर्ती कराया :** जिला अस्पताल में भर्ती हादसे का घायल प्रशिक्षु रोहित भट्ट को गुरुवार को डॉक्टरों ने एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया है। बाकी घायलों का जिला अस्पताल में ही उपचार चल रहा है।

RMU

> संबंधित खबर P06


**जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 06.10.2022 को प्रातः 10:00 बजे जारी मौसम** पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 से 48 घण्टे तक अन्य जनपदों के साथ जनपद उत्तरकाशी में भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ कहीं–कहीं बहुत अत्यंत भारी वर्षा होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। चारधाम यात्रा के मध्यनजर यात्रियों की सुविधा एंव सुरक्षित यात्रा के कारण शासन के निर्देशानुसार यात्रियों को वर्तमान समय मे सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया। छात्र/छात्राओ की सुरक्षा हेतु जनपद में संचालित सभी शासकीय, गैर शासकीय, निजी विद्यायलों (कक्षा 1 से 12 तक) एंव आंगनबाडी केन्द्रों में दिनांक 07 अक्टूबर, 2022 को अवकाश घोषित किया गया।

**दिनांक 08.10.2022 को जोशियाडा झूला पुल के समीप प्रातः 7:00 बजे भागीरथी नदी में एक** बालक ने छलांग लगाई घटना की जानकारी प्राप्त होते ही जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र से क्यू0आर0टी टीम, मास्टर ट्रेनर, एस0डी0आर0एफ0 एंव पुलिस कार्मिको को द्वारा खोजबीन की गयी। दिनांक 10.10.2022 को पुनः खोजबीन/सार्च कार्य किया गया यू0जे0वी0एन0एल0 द्वारा जोशियाडा बैराज झील का पानी खोल कर लापता व्यक्ति का शव उक्त टीमो के द्वारा बरामद किया गया।






**दिनांक 13.10.2022 को सांय 5:44 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू बैंड के पास मलवा आने के** कारण मार्ग अवरुद्व होने पर जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट व अन्य सम्बन्धितों से समन्वय किया गया मार्ग रात्रि 7:52 बजे सुचारु किया गया।



# ात्रा कन्ट्रोल रूम (जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र)


चारधाम यात्रा अन्तर्गत जनपद में स्थिति श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम के कपाट दिनांक 03 मई, 2022 से पर्यटकों/यात्रियों के दर्शनार्थ खोले गये। जनपद अन्तर्गत चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र को यात्रा कन्ट्रोल रूम कार्यशील किया गया। यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों, तैनात नोडल/सैक्टर अधिकारियों से समन्वय कर श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम एवं प्रमुख पड़वों में स्वास्थ्य सुविधा, पयेजल, विद्युत शौचालय, स्वच्छाता एवं दूरसंचार, खाद्यान्न पदार्थों के दर नियंत्रण/मजदूर दण्डी–कण्डी, खोड़–खच्चर आदि के नियमित 24X7 घटें निगरान निगरानी की जा रही है। विभिन्न यात्रा पड़व पर आवश्यक सविधाओं के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों को पंजिका में दर्ज कर सम्बन्धित अधिकारियों को सूचित कर शिकायत का नितस्ताण करवाया जा रहा है। गंगोत्री एवं यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग को सुचारू रखे जाने हेतु पर्याप्त मशीनरी/मानव संसाधन की उपलब्धता की निगरानी की जा रही है।







**यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा श्री गंगोत्री धाम एंव श्री यमुनोत्री धाम में लगाये गये सी0सी0टी0वी0 कैमरा से** भीड़–भाड़ एवं आवश्यक सेवाओं की निगरानी की जा राही है इसके अतिरिक्त यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आये पर्यटक/यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत जानकीचट्टी से यमुनोत्री पैदल मार्ग पर यात्रियों, मजदूरों/दण्डी–कण्डी, खोड़–खच्चर एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी किये जाने हेतु विभिन्न स्थानों पर 06 सी0सी0टी0वी0, सिस्टम अतिरिक्त लगवाया गया है।



यात्रा कन्ट्रोल रूम द्वारा श्री गंगोत्री धाम एंव श्री यमुनोत्री धाम यात्रियों से सम्बन्धित सूचना संकलित कर दैनिक सूचना जनपद एवं शासन स्तर पर प्रेषि की जा रही है।





Location of District Healthcare Facility on Yatra Route

| S.No. | Name | Type | Location |
|---|---|---|---|
| 1 | District Hospital | District Hospital | Click Here |
| 2 | PHC, Bhatwari | Primary Health Centre | Click Here |
| 3 | PHC, Netala | Primary Health Centre | Click Here |
| 4 | PHC, Dunda | Primary Health Centre | Click Here |
| 5 | PHC, Bhramkhal | Primary Health Centre | Click Here |
| 6 | CHC, Chiniyalisor | Community Health Centre | Click Here |
| 7 | CHC, Naugaun | Community Health Centre | Click Here |
| 8 | CHC, Badkot | Community Health Centre | Click Here |
| 9 | CHC, Dhontri | Community Health Centre | Click Here |
| 10 | PHC, Manpur | Primary Health Centre | Click Here |
| 11 | PHC, Gangotri | Primary Health Centre | Click Here |
| 12 | PHC, Gangnani | Primary Health Centre | Click Here |
| 13 | PHC, Maneri | Primary Health Centre | Click Here |
| 14 | PHC, Harsil | Primary Health Centre | Click Here |
| 15 | PHC, Damta | Primary Health Centre | Click Here |
| 16 | PHC, Kharadi | Primary Health Centre | Click Here |
| 17 | PHC, Rana | Primary Health Centre | Click Here |
| 18 | PHC, Jankichatti | Primary Health Centre | Click Here |
| 19 | PHC, Yamunotri | Primary Health Centre | Click Here |



यात्रा कन्ट्रोल रूम
(जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र),
उत्तरकाशी।
Phone: +91 - 1374 - 222722, 222126, 1077 (Toll free), Mobile.: +917500337269, 7252887587, 7310913129 (Off)
Mail Id: ddmauttarkashi@gmail.com

श्री यमुनोत्री एवं श्री गंगोत्री धाम यात्रा बुलेटिन

बुलेटिन संख्या–15 दिनांक– 28.05.2022 समय– सांय 07:00 बजे।

यात्रियों की संख्या

| धाम का नाम | दैनिक यात्रियों की संख्या (दिनांक–28.05.2022) | | | | अब तक प्रगतिशील यात्रियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | बच्चे | योग | पुरूष | महिला | बच्चे | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 3836 | 3007 | 73 | 6916 | 96300 | 72022 | 2572 | 170894 |
| श्री गंगोत्री धाम | 4455 | 4340 | 80 | 8875 | 116932 | 108314 | 4478 | 229724 |
| योग | 8291 | 7347 | 153 | 15791 | 213232 | 180336 | 7050 | 400618 |

वाहनों का विवरण

| धाम का नाम | दैनिक वाहनों की संख्या (दिनांक–28.05.2022) | | | | अब तक प्रगतिशील वाहनों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बडे वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग | बडे वाहन | छोटे वाहन | दुपहिया वाहन | योग |
| श्री यमुनोत्री धाम | 162 | 379 | 41 | 582 | 4156 | 9924 | 702 | 14782 |
| श्री गंगोत्री धाम | 167 | 547 | 9 | 723 | 4419 | 15571 | 854 | 20844 |
| योग | 329 | 926 | 50 | 1305 | 8575 | 25495 | 1556 | 35626 |

गंगोत्री से गौमुख जाने वाले यात्रियों का विवरण

| दिनांक | भारतीय | | विदेशी | | गाइड/पोटर्स | कुल | प्रगतिशील योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | पुरूष | महिला | | | |
| 28.05.2022 | 102 | 18 | 1 | 0 | 24 | 145 | 3541 |

जनपद में घटित घटनायें

| क्र.सं. | विवरण | | दिनांक 28.05.2022 को घटित घटनायें | अब तक कुल संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन दुर्घटना | | - | 01 | - |
| | (क) घायल व्यक्तियों की संख्या | | - | 10 | |
| | (ख) मृतक व्यक्तियों की संख्या | | - | 03 | |
| 2 | अन्य कारणों/हृदयघात से मृतक व्यक्तियों की संख्या | यमुनोत्री धाम | 01 | 25 | यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर– 12<br>यमुनोत्री धाम में स्नान के बाद– 05<br>यात्रा मार्ग पर होटल/वाहन में यात्रा के दौरान – 08<br>कुल– 25 |
| | | गंगोत्री धाम | 01 | 07 | गंगोत्री धाम में– 02<br>यात्रा मार्ग पर होटल/वाहन में यात्रा के दौरान – 04<br>स्थनीय व्यक्ति– 01<br>कुल– 07 |
| योग | | | 02 | मृतक–35<br>घायल–10<br>( अन्य कारण–32, सड़क दुर्घटना–03 एवं घायल–10) | |

इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर आहूत विभिन्न बैठकों में सम्बन्धितों से समन्वय कर आपदा प्रबन्धन अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः– निम्नकिंतों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर सचिव, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।
3. राज्य समन्वयक, एस0आर0डी0आर0 परियोजना, आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबन्धन केन्द्र, सचिवालय, देहरादून।

आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।